## राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र  में ट्रेड प्रशिक्षुता हेतु योग्यता सूची

संदर्भ / Ref.: **Advertisement No. RRCAT-2/2024; dated 06/09/2024**

## महत्वपूर्ण निर्देश :

1) दो सूची घोषित की गई हैं:
   क) अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की योग्यता सूची।
   ख) अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची ।
2) दोनों सूची में शामिल अभ्यर्थियों को पुष्टि करनी है कि वह **02/12/2024** से **07/12/2024 (स्लॉट:1)** या **06/01/2025 से 08/01/2025 (स्लॉट:2)** के बीच निर्धारित दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण प्रक्रिया में भाग लेंगे, यदि उनके नाम "अंतिम योग्यता सूची" में घोषित होते है। "अंतिम योग्यता सूची" **28/10/2024** को घोषित करने का प्रस्ताव है।
3) पुष्टि करने हेतु, प्रत्येक अभ्यर्थी को उसकी पंजीकृत ईमेल आईडी पर एक लिंक भेजा जाएगा। ईमेल में दी गयी अंतिम तिथि तक, अभ्यर्थी को लिंक पर क्लिक कर सहमति देनी होगी कि वह दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण प्रक्रिया में भाग लेगा / लेगी । अभ्यर्थियों को पुष्टिकरण के साथ ही, दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण प्रक्रिया हेतु निर्धारित  **स्लॉट:1** या **स्लॉट:2** का विकल्प भी चुनना होगा।
4) यदि किसी दिए गए ट्रेड में अनंतिम रूप से चयनित कुछ अभ्यर्थी ईमेल में दी गयी अंतिम तिथि तक दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अपनी सहमति नहीं देते हैं, तो उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और रिक्त छोड़े गए प्रशिक्षण स्थानों को प्रतीक्षा सूची में शामिल पुष्टि करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा रैंकिंग क्रम के अनुसार भरा जाएगा।
5) यदि सभी रिक्तियाँ भरी न जा सकीं तो निम्नलिखित स्थितियों में प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों को प्रशिक्षुता बैच में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा-
   क) अभ्यर्थिता वापस लेना, या
   ख) यदि कुछ अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्होंने पुष्टिकरण किया है किन्तु **09/01/2025** को प्रारंभ हो रही प्रशिक्षुता में शामिल नहीं होते हैं
6) आवश्यकता होने पर, बाद की तिथि में शामिल होने के लिए एक नई पूरक योग्यता सूची राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र  की वेबसाइट पर घोषित की जा सकती है। पूरक योग्यता सूची में अभ्यर्थियों को ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। इसलिए यह सुझाव दिया जाता है कि कृपया **15/02/2025** तक नियमित रूप से अपना ईमेल और वेबसाइट देखते रहें।
7) सभी अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी जिन्होंने दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण प्रक्रिया में भाग लेने की पुष्टि की है, वे अपने आधार कार्ड पर उल्लिखित पते का पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को तुरंत शुरू कर दें। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यह एक अनिवार्य दस्तावेज है।
8) सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने आधार कार्ड में दिए गए नाम और अन्य विवरणों की त्रुटियों की जांच करें । त्रुटियां पाए जाने पर तत्काल उनमें सुधार कराने की प्रक्रिया शुरू कर दें। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि अप्रेंटिसशिप पोर्टल (https://www.apprenticeshipindia.gov.in/ ) पर पंजीकृत सभी अभ्यर्थियों को ई.के.वाई.सी. (eKYC) के लिए अपने आधार विवरण को अपनी प्रोफ़ाइल से जोड़ना होगा। यदि प्रोफ़ाइल और आधार कार्ड डेटा मेल नहीं खाता है, तो ई.के.वाई.सी. प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकेगी। यह भी सुनिश्चित करें कि अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर आपका प्रोफ़ाइल 100% पूर्ण हो।
9) जबकि परिणाम तैयार करने में हर संभव सावधानी बरती गई है, आर.आर.सी.ए.टी. त्रुटियों और चूक (यदि कोई हो) को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

# Merit list for trade Apperenticeship at RRCAT

Ref.: **Advertisement No. RRCAT-2/2024; dated 06/09/2024**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS:

1) Two lists have been declared in each trade:
    a) Merit list of candidates that are provisionally selected for apprenticeship
    b) Merit list of waitlisted candidates
2) All the candidates in both the lists are required to confirm that they will participate in document verification and medical examination process scheduled between **02/12/2024 and 07/12/2024 (Slot: 1)** OR **06/01/2025 and 08/01/2025 (Slot: 2)**, if their name appear in the "Final Merit List". "Final merit list" is proposed to be declared on **28/10/2024.**
3) To confirm, a link will be sent to each candidate on his/her registered email ID. The candidate has to click on the link and give consent to attend the document verification and medical examination process on or before the last date given in the email. Candidates will also have to choose option for **Slot: 1** or **Slot: 2** while confirming for attending document verification and medical examination process.
4) If some of the provisionally selected candidates in a given trade do not give their consent to participate in document verification and medical examination process on or before the last date, their candidature will be cancelled and the training places left vacant will be filled by the waitlisted candidates (who have given confirmation) in order of their merit position.
5) Waitlisted candidates, that do not get included in the final merit list, may be called for joining the apprenticeship batch in case vacancies arises due to (i) withdrawal of candidature or (ii) if some of the candidates, who have accepted the offer earlier but did not report at RRCAT on **09/01/2025**.
6) If necessary, a new supplementary merit list may also be published on RRCAT website for joining at a later date. Candidates in the supplementary merit list will be intimated through email. Hence it is suggested that please keep checking your email and RRCAT website regularly till **15/02/2025**.
7) All provisionally selected candidates who confirmed for attending document verification and medical examination process at RRCAT shall immediately start tracking the process of getting their Police Verification Certificate (PVC) of address mentioned on their Aadhaar cards. This is a mandatory document for joining the programme.
8) All candidates are requested to check the errors in the name and other details given in their AADHAAR Card. In case of errors, immediately start the process of getting them rectified. This is important as all candidates registered on the Apprenticeship Portal (https://www.apprenticeshipindia.gov.in/ ) are required to complete eKYC by linking their AADHAAR data with apprenticeship profile. Mismatched profile and AADHAAR data will lead to failure of eKYC process. Candidates must also ensure that their profile on the Apprenticeship Portal is 100% complete.
9) While every care has been taken in preparing the result, RRCAT reserves the right to rectify errors and omissions (if any).